दिन—मंगलवार दिनांक— 17/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि — 05 मिनट

केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि एलपीजी के लिए बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण—ई केवाईसी केवल उन ग्राहकों के लिए आवश्यक है जिनका अभी तक प्रमाणीकरण नहीं हुआ है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह कोई नया निर्देश नहीं है, बल्कि यह सरकार के उन प्रयासों का हिस्सा है जिनके अंतर्गत अधिक से अधिक एल पी जी उपभोक्ताओं को बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। मंत्रालय ने कहा है कि ये उन एलपीजी उपभोक्ताओं पर लागू होता है जिन्होंने अभी तक ई—केवाईसी नहीं कराया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के जिन ग्राहकों ने पहले ई के वाई सी करा लिया है, उन्हें इसे दोबारा कराने की आवश्यकता नहीं है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा का चौथा चरण आज भागलपुर से शुरू किया। श्री कुमार ने भागलपुर में आयोजित कार्यक्रम में दो सौ इकहत्तर करोड़ रूपये की लागत वाली छप्पन योजनाओं का शिलान्यास और एक सौ इकहत्तर करोड़ रूपये की अट्ठासी योजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की बंद चीनी मिले दोबारा चालू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर क्षेत्र में विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री श्री कुमार आज यात्रा के क्रम में बांका जिले का भी दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री बांका में पांच सौ इक्यानवे करोड़ रूपये की लागत वाली दो सौ उन्नीस योजनाओं का शिलान्यास और एक सौ अठारह करोड़ रूपये की लागत से दो सौ अठहत्तर योजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय झा ने निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त प्रमाण पत्र आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सौंप दिया। श्री झा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के

माध्यम से इसकी जानकारी देते हुए कहा कि बिहार के विकास को समर्पित शीर्ष नेतृत्व को प्रमाण सौंपने का उन्हें अवसर मिला है।

—————————————————————————————

साहित्य अकादमी ने चौबीस भारतीय भाषाओं में वार्षिक साहित्य अकादमी पुरस्कार की घोषणा कर दी है। सुपौल के भेलाही गांव के रहने वाले प्रसिद्ध मैथिली साहित्यकार और कवि डॉक्टर महेन्द्र को दो हजार पच्चीस के साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। डॉक्टर महेन्द्र को दो हजार इक्कीस में प्रकाशित उनके संस्मरण **धात्री पात सन गाम** के लिए इकतीस मार्च को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में यह सम्मान दिया जाएगा। इस पुस्तक में कोसी बांध, कोसी का विरल इतिहास के साथ ही मिथिला की परंपरा, छूटे हुए लोकपर्व का भी विस्तृत चित्रण किया गया है।

—————————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण राज्य के अधिकतर भागों में आंधी–पानी की स्थिति बनी हुयी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, अररिया, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–पूर्व भागों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश दर्ज की गयी। इस दौरान कहीं–कहीं ओलावृष्टि भी हुयी है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान मधुबनी, सीतामढ़ी, अररिया, किशनगंज समेत प्रदेश के उत्तर–मध्य और पूर्वी भागों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की आशंका है।

—————————————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने आय से अधिक संपत्ति मामले में मधुबनी जिले के जयनगर में पदस्थापित विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार रजक के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की है। हमारे संवाददाता ने बताया कि दरभंगा, मधुबनी और सुपौल जिले में सात ठिकानों पर छापेमारी जारी है। आरोपी कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार रजक के विरूद्ध प्राथमिक जांच में आय से बासठ प्रतिशत अधिक संपत्ति होने की जानकारी मिली है।

—————————————————————————————

शेखपुरा जिला प्रशासन ने गर्मी के मौसम में अगलगी की घटनाओं की आशंका के मद्देनजर जन–जागरूकता के लिए स्कूली बच्चों के साथ मार्च निकाला। अग्निशमन दल के अधिकारियों ने लोगों को अगलगी की आपदा से निपटने का प्रशिक्षण भी दिया।

———————————————————————

अररिया की एक स्थानीय अदालत ने यौन शोषण मामले के आरोपी को चौदह वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।